तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने ...



12 अभा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल...




## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश से कांग्रेसियों ने की मुलाकात



**कांकेर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर जाते समय 10 नवंबर को कांकेर माकड़ी चौक में दोपहर 3 बजे कांग्रेस कांकेर के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, पार्षद, जनपद, जिला पंचायत, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने मुलाकात की । इस दौरान हेमंत ध्रुव, राजेश भास्कर, नितिन पोटाई, रमाशंकर दर्रो, तरेंद्र भंडारी, सरजू शोरी, राजेंद्र दुबे, खोमेन्द्र उइके, दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, उदय शर्मा, विष्णु नेताम, सुरेश नाग, शेष गजबिए, लोमेंद्र यादव, तारास सिन्हा, सुमित राय, अमन गायकवाड, चमन साहू आदि उपस्थित रहे।

### संघ सृजन का कल होगा नाट्य मंचन




**कांकेर।** प्रगति प्रयास सामाजिक सेवा संस्था द्वारा 13 नवंबर को शाम साढ़े 5 बजे से नरहरदेव के सभागृह में संघ सृजन का भव्य नाट्य मंचन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री छग शासन टंकराम वर्मा के अलावा सांसद, विधायक एव अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

### डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए मूर्ति



**कांकेर।** मैजिक बुक का रिकॉर्ड एवं आट्‌र्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वापधान में देशभर से विभिन्न विधाओं एवं सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में चयनित व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में 8 नवंबर को द कैसल आप आर्ट थियेटर नई दिल्ली में कांकेर निवासी एएसआर मूर्ति को उनके विगत 25 वर्षों से सामाजिक क्षेत्र, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण एवं रेड क्रॉस के विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता एवं उत्कृष्ट कार्यो के लिए डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

### जलने से हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत 65 वर्षीय पुसऊ दुग्गा जलने से मौत हो गई। भीरावाही निवासी सुनील दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर को मृतक अपने कमरे में सोया था। ठंड ज्यादा होने के कारण पास में ही आग जला दिए थे। कुछ समय बाद चड़चड़ाहट का आवाज आया तो कमरे में गया। कमरा पूरा धूआं से भर गया था। कमरे में रखा हुआ सामान भी जल गया था व उसका शरीर आग में से जलने से काला हो गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवचेना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत 45 वर्षीय लिकेश पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोदागांव निवासी मंगल पटेल ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 10 नवंबर को शराब के नशे में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है।

# छोटेबेठिया लैंपस में अव्यवस्थाओं से त्रस्त किसानों का फूटा गुस्सा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

आदिम जाति सहकारिता समिति लैंपस छोटेबेठिया की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली से परेशान सैकड़ों किसानों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की चुप्पी और कार्रवाई न होने से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को बांदे के नायब तहसीलदार भारतलाल ब्रम्हे को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग किया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने आरोप लगाया है कि छोटेबेठिया लैंपस नियमित रूप से नहीं खोला जाता, जिसके कारण खरीदी, बीज-खाद वितरण और अन्य कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों के अनुसार, लैंपस का चपरासी बिना पैसे और कथित तौर पर शराब के बिना काम नहीं करता, जिससे किसानों का समय और श्रम दोनों बर्बाद होता है। उन्होंने बताया कि लैंपस प्रबंधक सप्ताह में केवल दो दिन ही समिति में उपस्थित रहते हैं, जबकि कम्प्यूटर ऑपरेटर का रवैया किसानों के प्रति लगातार अपमानजनक बना हुआ है। किसानों का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से इन समस्याओं को लेकर लिखित और मौखिक शिकायतें करते आ रहे हैं। धान खरीदी सीजन शुरू होने से पहले ही उन्होंने प्रबंधक, चपरासी और ऑपरेटर को हटाने की मांग भी की थी। किसानों का ▶▶| शेष पेज 10 पर

**कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को दिया ज्ञापन**

**सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**



**जांच लंबित, किसानों में रोष बढ़ा**

जांच न होने और समस्याओं के लगातार बने रहने से आक्रोशित किसानों ने एक बार फिर सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित कर्मचारियों को हटाकर लैंपस की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## आक्रोश: ट्रकों की लगी लंबी कतार

# भानुप्रतापपुर से भैसाकन्हार तक आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ यातायात व्यवस्था बनाने मार्ग को किया गया डायवर्ट



भानुप्रतापपुर से कच्चे मार्ग पर ग्रामीणों ने मंगलवार 11 मई को कई माँगों को लेकर भैंसमुंडी पर चक्काजाम कर दिया। शाम होते होते चक्काजाम पर बैठे ग्रामीण बढ़ते हुए भैसाकन्हार पहुंच गए, जहां प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर डेरा डाल दिया है। इसके चलते इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को दूसरे मार्ग पर डायवर्ट कर दिया गया है।

भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर भैंसमुंडी में सबसे पहले सुबह लगभग साढ़े 11 बजे चक्काजाम शुरू किया गया और उसके बाद बढ़ते बढ़ते भैसाकन्हार पहुँच गए। दोपहर को करीब 3 बजे प्रदर्शनकारी कच्चे की ओर बढ़ने लगे, तभी पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में प्रदर्शनकारी पुनः मुख्य सड़क पर बैठ गए। पुलिस व प्रशासन की समझाइश के बावजूद ग्रामीण नहीं माने। उनकी मांग थी कि कोई उच्च अधिकारी मौके पर आकर उनसे सीधे संवाद करे। हालांकि एसडीएम, एडीशनल एसपी और तहसीलदार मौके पर मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और निजी वाहन चालकों व यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने पहले से ही चक्काजाम की संभावना को देखते हुए रूट डायवर्ट कर दिया था, जिसके कारण बसें और अन्य सवारी वाहन वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुँच गए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इस विरोध में शामिल हैं, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। भैसाकन्हार में जारी चक्काजाम फिलहाल समाप्त होने के संकेत नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारी लगातार ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। बढ़ते तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कहा कि माइंस संचालन से स्थानीय रोजगार प्रभावित हुआ है। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देने, सीएसआर और डीएमएफ निधि का सही उपयोग सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उनका आरोप है कि इन निधियों से अब तक प्रभावित क्षेत्रों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है।

**स्थिति पर नजर बनाए हुए प्रशासन**

तनाव बढ़ने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारी लगातार मौके पर डटे हुए हैं और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारी में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जनसुनवाई भानुप्रतापपुर में नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# स्कूटी के शीशे में चेहरा देखना मजदूर को पड़ा भारी, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस जाँच में जुटी

कांकेर में एक मजदूर को स्कूटी के आईना में अपना चेहरा देखना इतना महंगा पड़ गया कि उसे न सिर्फ मारपीट झेलनी पड़ी, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे दी गई। मामला लट्टीपारा क्षेत्र का है, जहां आरोपी युवक और उसकी पत्नी ने मिलकर मजदूर पर हमला किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

कुरना निवासी 20 वर्षीय हिरेन्द्र यादव, जो शिफा फर्नीचर मार्ट लट्टीपारा में बढ़ई का काम करता है, ने कांकेर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब साढ़े 5 बजे काम खत्म करने के बाद वह अपने साथियों के साथ खड़ी गाड़ियों के पास पहुंचा। वहां रखी एक स्कूटी के आईने में वह अपना चेहरा देख रहा था। इसी दौरान लट्टीपारा निवासी शाहिद मेमन वहां आया और बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। उसने आरोप लगाया कि मजदूर उसकी स्कूटी का आईना इस्तेमाल कर रहा है और इसी बात पर भड़ककर जान से मारने की धमकी देने लगा। शाहिद ने हिरेन्द्र पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। डरकर हिरेन्द्र आरा मिल की ओर दौड़ा, लेकिन आरोपी पीछे-पीछे पहुंचा और वहां भी उसे पीटा। मारपीट देखकर हिरेन्द्र के पिता रोहित यादव भी बीचबचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई की। इतना ही नहीं, हिरेन्द्र की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीवी 7999 पर डंडे से हमला कर तोड़फोड़ कर दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कुछ देर बाद आरोपी शाहिद मेमन अपनी पत्नी के साथ आरा मिल पहुंचा और दोनों ने मिलकर दोबारा हिरेन्द्र को पीटा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शाहिद मेमन और उसकी पत्नी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# रिश्तेदार ही निकली चोर गहने बेचने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा निवासी एक व्यापारी के घर हुई लाखों के जेवरात चोरी की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई है। हैरानी की बात यह है कि चोरी किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि घर आई रिश्तेदार ने ही की थी। गहने बेचने की कोशिश के दौरान घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नाकापारा वार्ड क्रमांक 13 चारामा निवासी 44 वर्षीय रेन्द्र कुमार महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि उनका स्वास्तिक स्टील नाम से व्यवसाय है और उसी भवन के ऊपरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। 25 अप्रैल को वह अपनी पत्नी मधु महेश्वरी के साथ 5–6 दिनों के कंपनी ट्रिप पर विशाखापट्टनम गए थे। 5 मई की रात लौटकर पत्नी ने जैसे ही आलमारी खोली, तो देखा कि जहां गहने रखे थे, वह डिब्बा खाली था। बाकी सामान अपनी जगह था, लेकिन सोने–चांदी के सभी जेवरात गायब थे। चोरी हुए गहनों में दो मंगलसूत्र, जेंट्स व लेडीज ब्रेसलेट, चार चूड़ियां, दो चैन, तीन अंगूठियां, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# अंतर्राष्ट्रीय आयरनमैन चैंपियनशिप में रूपेश का शानदार प्रदर्शन




**बासनवाही।** अंतर्राष्ट्रीय आयरनमैन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन गोवा में किया गया, जिसमें लगभग 60 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विश्व स्तरीय इस प्रतियोगिता में 4000 से अधिक एथलीटों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में लगभग 2400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि महिलाओं के लिए अलग श्रेणी में प्रतियोगिता हुई।

प्रतियोगिता में भारत की ओर से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 6 व्यक्तिगत खिलाड़ी इंडिविजुअल और 5 रिले टीमों के सदस्य शामिल थे। इन्हीं प्रतिभागियों में से कांकेर जिले के सरोना तहसील अंतर्गत बांगाबारी निवासी रूपेश कुमार यादव ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। रूपेश कुमार यादव ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। वे 1 जनवरी 2014 को सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे। बीएसएफ में 9 वर्षों तक सेवाएँ देने के बाद 21 जनवरी 2023 को उन्हें 2 बटालियन एनडीआरएफ हरिंघटा जिला नदिया पश्चिम बंगाल में सात वर्ष के लिए डेपुटेशन पर स्थानांतरित किया गया।

# 78 वीं वाहिनी दूर्गुकोंदल की टीम खो खो प्रतियोगिता में रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



उन्मुख ग्राउंड दुर्गुकोंदल में क्षेत्रीय स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएसएफ जवानों के साथ-साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैदान में शानदार खेल भावना, अनुशासन और टीम समन्वय का अनूठा वातावरण देखने को मिला। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देकर युवाओं में शारीरिक दक्षता, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा विकसित करना था। इसके साथ ही बीएसएफ और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और सौहार्द को मजबूत करना भी इस आयोजन का प्रमुख लक्ष्य रहा। बीएसएफ द्वारा ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कर युवाओं को सामाजिक और रचनात्मक दिशा प्रदान की जा रही है। फाइनल मुकाबला 178 वीं वाहिनी बीएसएफ दुर्गुकोंदल और 83 वीं वाहिनी बीएसएफ पखांजुर के बीच खेला गया। कड़े और रोमांचक मुकाबले में 178 वीं वाहिनी दुर्गुकोंदल की टीम विजेता और 83 वीं वाहिनी पखांजुर उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयनित खिलाड़ियों की टीम अब क्षेत्रीय मुख्यालय भानुप्रतापपुर का प्रतिनिधित्व ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जल संवर्धन कार्यों की उपलब्धियों को सराहा गया

# राष्ट्रीय जल पुरस्कार में कांकेर का दम डुमरपानी को मिला देश में तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के लिए एक बार फिर गौरव का क्षण आया है। विकासखंड नरहरपुर की ग्राम पंचायत डुमरपानी को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित 6 वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान जल संरक्षण, प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी आधारित उत्कृष्ट कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान है। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनर्जीवन विभाग द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित सम्मान डुमरपानी द्वारा मनरेगा एवं अन्य विभागों के अभिसरण से किए गए सफल जल संवर्धन कार्यों की उपलब्धियों को दर्शाता है। गांव में तालाबों ▶▶| शेष पेज 10 पर



**लगातार दूसरी राष्ट्रीय उपलब्धि**

कांकेर जिले के लिए यह जल प्रबंधन क्षेत्र में लगातार दूसरी बड़ी सफलता है। पिछले वर्ष 5 वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 में मासुलपानी ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला था। मंत्रालय ने इस वर्ष कुल 9 श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। विजेताओं को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी और कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

**जल संरक्षण में हो रहा बेहतर कार्य**

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जन सहभागिता और मनरेगा योजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मासुलपानी के बाद डुमरपानी को राष्ट्रीय सम्मान मिलना यह प्रमाणित करता है कि कांकेर जिला जल संरक्षण के प्रभावी मॉडल पर कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि आने वाले समय में जिले को जल प्रबंधन गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

# एनएसयूआई ने जिला चिकित्सालय में हो रही असुविधा को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ स्वास्थ्य मंत्री के नाम पर कलेक्टर को सौंपा

कोमल देव जिला चिकित्सालय महाविद्यालय में हो रही असुविधा को लेकर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित राय ने कहा कि कोमलदेव जिला चिकित्सालय में हो रही अत्यधिक असुविधा के कारण आमजन को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में स्टेपलाइजर न होने के कारण एमआरआई मशीन 8 महीने से बंद पड़ी है। हमर लैब में 114 किस्म की जो जांच होती थी वह बंद होकर 31 किस्म की जांच हो रही है। सोनोग्राफी करने के लिए दो से तीन दिन का वेटिंग दिया जा रहा है। चार रेडियोलॉजिस्ट होने के बावजूद और डॉक्टर व स्टाफ मेडिकल कॉलेज का ओपीडी में अपने टाइम पर नहीं रहते हैं। डायलिसिस के पांच मशीन है जिससे डायलिसिस के पेशेंट बढ़ाने की वजह से मरीजों को वेटिंग करना पड़ता है। डायलिसिस मशीन की भी कमी है एवं सीसीटीवी कैमरा हर वार्ड व हर विभाग में व पार्किंग स्थल पर कैमरा लगाया जाए और जो कैमरा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष मंडावी का स्वागत

फरसगांव। नगर में मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मांडवी का आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हम सब मिलकर सभी समुदाय के उत्थान का कार्य करेंगे। डबल इंजन की सरकार से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर प्रशांत पात्र, मूलचंद पांडे, आकाश मेहता, तरुण साना, प्रवीण राव, नरेंद्र गौर, धनराज पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध धान परिवहन केशकाल में 65 बोरी धान जब्त



कोण्डागांव। खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा जिलेभर में अवैध धान परिवहन और भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, वाहन से मिला अवैध धान इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने केशकाल क्षेत्र में वाहनों की औचक जांच की। जांच के दौरान एक वाहन में नियम विरुद्ध 65 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत 65 बोरी धान जब्त की। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि धान के अवैध परिवहन, भंडारण और विक्रय में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या व्यापारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे अपने पंजीकृत धान को केवल निर्धारित उपार्जन केंद्रों में ही बेचें। ऐसा करने से न केवल उन्हें उचित मूल्य मिलेगा बल्कि शासन की पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। प्रशासन की चेतावनी स्पष्ट है अवैध धान परिवहन करने वालों पर अब होगी कड़ी कार्रवाई।

# गंगोत्री से रामेश्वरम तक नंगे पांव यात्रा पर निकले बिहार के ओमप्रकाश पहुंचे कोंडागांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर निवासी 33 वर्षीय अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव देशभर में अद्वितीय आस्था और संकल्प की मिसाल बनकर उभरे हैं। वे गंगोत्री धाम से लेकर रामेश्वरम तक की नंगे पांव पैदल यात्रा पर निकले हैं जो उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है।

**आस्था से प्रेरित, समर्पण से संचालित यात्रा –** अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव ने अपनी यह पवित्र पदयात्र 11 सितंबर 2025 को गंगोत्री से आरंभ की। उन्होंने बताया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक या प्रचार उद्देश्य से नहीं, बल्कि एक भारत एक संस्कृति एक भावना के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए है। नंगे पांव चलते हुए वे दिनभर में औसतन 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं।

**खास बातें**
- यादव कर रहे आस्था, संकल्प और एकता की अनोखी यात्रा
- भारत एक है : आस्था का संदेश लेकर नंगे पांव निकल पड़े मधुबनी के अधिवक्ता



**उत्तर से दक्षिण तक की आध्यात्मिक पदयात्रा –** अपनी यात्रा के दौरान ओम प्रकाश यादव गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, चिड़ियापुर बॉर्डर, नजीराबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, कटरा, जलालाबाद, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर, चित्रकूट, सतना, अनूपपुर, अमरकंटक, बिलासपुर और रायपुर से होते हुए अब कोंडागांव पहुंचे हैं। यह यात्र आगे जगदलपुर, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु के रास्ते रामेश्वरम में सम्पन्न होगी। कोंडागांव आगमन पर स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने ओम प्रकाश यादव का आत्मीय स्वागत किया। वे आज रात सरस्वती शिशु मंदिर, कोंडागांव में विश्राम करेंगे और कल प्रातः 5 बजे रामेश्वरम की दिशा में आगे प्रस्थान करेंगे।

### भारत की आत्मा इसकी आस्था और एकता में बसती है : यादव

अधिवक्ता श्री यादव ने कहा कि यात्रा केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आत्मिक साधना है। उत्तर से दक्षिण तक नंगे पांव चलकर यह संदेश देना चाहता हूँ कि भारत की आत्मा इसकी आस्था, संस्कृति और एकता में ही बसती है। कोंडागांव के नागरिकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ओम प्रकाश यादव को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद लल्लू मिश्रा, पवन झा, धन सिंह यादव, राजेश पांडे, सुशील शर्मा, राम पांडे, वीनू भाई पटेल, अधिवक्ता गोपाल दीक्षित आदि प्रमुखजन मौजूद रहे।

## एसआईआर बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे मतदाताओं का सत्यापन

# 4 दिसंबर तक चलेगा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है अभियान के तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रें में बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ घर–घर जाकर गणना पत्रक का वितरण, सत्यापन एवं नए मतदाताओं के लिए फार्म–6 भरवाने का कार्य कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में एसडीएम कोंडागांव अजय उरांव ने बताया कि सभी बीएलओ को इस कार्य के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जनजागरुकता के उद्देश्य से कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराई जा रही है तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वालेंटियर के रूप में सहयोग हेतु नियुक्त किया गया है। सोमवार को एसडीएम उरांव ने मतदान केंद्र क्रमांक 139 का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म वितरण की जानकारी ली और मतदाताओं को फार्म भरने के संबंध में समझाइश दी। उन्होंने बीएलओ को गणना फॉर्म वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगा, जिसके तहत प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक की दो प्रतियां प्रदान की जा रही हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, सटीक और त्रुटिरहित बनाना है। इस अभियान के दौरान वर्तमान मतदाता सूची के साथ–साथ वर्ष 2003 के विशेष गहन पुनरीक्षण और वर्ष 2025 की मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं का पुनः सत्यापन किया जा रहा है।

- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जारी है पुनरीक्षण प्रक्रिया

### निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण अभियान जारी

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य तेजी से जारी है। यह अभियान 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा, जिसके तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रें में मतदाताओं की जानकारी का अद्यतन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से नये मतदाताओं का पंजीकरण, स्थानांतरित मतदाताओं का संशोधन एवं अपात्र नामों की पहचान की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का मैदानी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फील्ड पर सामने आ रही समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निराकरण भी किया। सुश्री नायक ने ग्रामवासियों, नगरवासियों एवं सभी मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि उनका नाम सही रूप से मतदाता सूची में दर्ज हो सके। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से जागरुकता और सहयोग की अपील कर रहे हैं ताकि कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रहे।



# ट्रैक्टर ने साइकिल को लिया चपेट में, सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लाक के बड़ेडोगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर चिलवाही में सोमवार की शाम करीब 6:30 दर्दनाक सड़क हादसा हुआ , नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने वाहन को अनियंत्रित ढंग से चलाकर साइकिल को चपेट में ले लिया। हादसे में साइकि सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम पीसाडु राम कुपाल पिता विनायक उम्र 62 वर्षीय निवासी बड़ेडोंगर चिलवाही साइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था । तभी चिलवाही में नशे में धुत ट्रैक्टर चालक टिकेंद्र कुदराम द्वारा लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर को चलते हुए साइकिल सवार बुजुर्ग पिसाडु राम कृपाल को रौंद दिया, जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना की जानकारी लगते ही



बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक टिकेंद्र कुदराम को तत्काल पकड़ लिया और उसका मेडिकल चेकअप करवाया। पुलिस ने स्वराज ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में रखा है। बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने मंगलवार को मृतक पिसाडु राम कृपाल के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सुपुर्द कर परिजनों की रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक टिकेंद्र कुदराम निवासी चिलवाही के खिलाफ अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई कर रही है।

# पहला हमर गौरव सम्मान दिया गया डॉ. राजाराम को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसोसिएशन, उत्तर बस्तर कांकेर इकाई द्वारा आयोजित पारिवारिक पुनर्मिलन समारोह इस बार एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बना। जब पहली बार दिया गया हमर गौरव सम्मान प्रदेश के प्रख्यात जैविक कृषक, पर्यावरणविद् और समाजसेवी डॉ. राजाराम त्रिपाठी को प्रदान किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ी माटी, भाषा और कर्मभूमि की श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर अलखराम सिन्हा और डॉ. लक्ष्मीनारायण खोब्रागड़े को भी शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. राजाराम त्रिपाठी पूर्व में बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अधिकारी रहे हैं। बैंक की प्रतिष्ठित नौकरी से त्यागपत्र देने के बाद उन्होंने जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में असाधारण कार्य किए, जिससे उन्हें राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। वे माँ दंतेश्वरी ऑर्गेनिक हर्बल फार्म और सेंट्रल हर्बल एग्रो मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। साथ ही, वे नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड आयुष मंत्रलय और भारतीय गुणवत्ता संस्थान की कृषि मशीनरी समिति के सदस्य भी हैं। उनके द्वारा विकसित काली मिर्च की किस्म माँ दंतेश्वरी ब्लैक पेपर–16 एमडीबीपी –16 किसानों के लिए क्रांतिकारी सिद्ध हुई है। उनका अभिनव नेचुरल ग्रीनहाउस प्रोजेक्ट प्लास्टिक पॉलीहाउस का पर्यावरण अनुकूल विकल्प बन गया है।

### बैंक ने कर्म और अनुशासन सिखाया

डॉ. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा बैंक ने मुझे कर्म और अनुशासन सिखाया, और यही संस्कार आगे चलकर मेरे जीवन का मार्गदर्शक बना। बैंक ने मुझे परिवार दिया, और खेती ने मुझे पहचान। उन्होंने 25 वर्ष बाद भी मंच से अपने 50 से अधिक पूर्व सहयोगियों को नाम लेकर पहचानते हुए उनसे जुड़ी स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने कहा कि मुझे कई पुरस्कार मिले हैं, परंतु जिस संस्था में मैंने सेवा दी, उसी के द्वारा मिला यह सम्मान मेरे लिए सबसे बड़ा है। डॉ. त्रिपाठी ने घोषणा की कि शीघ्र ही कोंडागांव स्थित माँ दंतेश्वरी हर्बल फ़ार्म, चिखलपुट्टी में रिटायरीज साथियों का आत्मीय पुनर्मिलन आयोजन किया जाएगा।



### अगला पुनर्मिलन जगदलपुर में आयोजित किया जाएगा

सेवानिवृत्त एजीएम सत्येंद्र पांडे रायपुर में आयोजन का प्रस्ताव एजीएम अमरजीत सिंह खनूजा द्वारा विशिष्ट अतिथि सम्मान सत्येंद्र कुमार पांडे, चित्रलेखा साहू, कमलेश कुंदन, संजय द्विवेदी, अनूप तिवारी, डी.के. ध्रुव, एवं रमेश सिंह को प्रदान किया गया। महासचिव पी.के. राघव ने सभी सदस्यों से बैंक के विकास में सहयोग के लिए कम से कम एक हाउसिंग लोन रेफरल देने की अपील की, जिसका सर्वसम्मति से समर्थन किया गया।

### संगीत, सौहार्द और स्मृतियों से भरा दिन

कार्यक्रम का वातावरण गीत–संगीत से सराबोर रहा। विशिष्ट अतिथि शिप्रा त्रिपाठी के मधुर गीत और वीथिका कर के लोकगीत ने सबका मन मोह लिया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले कार्यक्रम में उत्कृष्ट जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीनारायण खोब्रागड़े ने किया तथा अध्यक्षता अलखराम सिन्हा ने की। आयोजन की सफलता में अवध राम साहू, वीरेंद्र साहू, सनातन राम नाग, नील कुमार वटी और नारायण राम नेताम सहित अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# आत्मानंद स्कूल में कानूनी जागरुकता के साथ शिक्षा के अधिकारों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, कोंडागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा सचिव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

शिविर का संचालन प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट एवं अधिकार मित्र के सहयोग से किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को शिक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में सुरेन्द्र भट्ट ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी समाज में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को लेकर निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा और कानून के आपसी संबंध को रेखांकित किया। शिविर के दौरान महिलाओं के अधिकार, बालकों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, यातायात अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम तथा सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर

### कानूनी साक्षरता समाज सशक्तिकरण का माध्यम

कार्यक्रम में बताया गया कि कानून केवल अदालतों तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन से जुड़ा है। ऐसे शिविरों से समाज में विधिक साक्षरता बढ़ाने और न्याय के प्रति जागरूकता लाने का लक्ष्य पूरा होता है। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में कानूनी जागरुकता का स्तर बढ़ता है। कार्यक्रम में अधिकार मित्र लोकेश यादव, रंजन वैध, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने बालिका गृह का किया निरीक्षण

कोण्डागांव। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सचिव सुश्री गायत्री साय द्वारा आज बालिका गृह कोंडागांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने बालिकाओं की सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य और दैनिक सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने अधीक्षिका और कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संस्थान के सभी अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने बालिकाओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य, एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सवांर्गीण विकास के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श और नियमित सहयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। न्यायाधीश ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि संस्थान की सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर






बालिका गृह की अधीक्षिका श्रीमती मणि शर्मा, पैरालीगल वालंटियर रंजन वैध तथा लोकेश यादव उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### छोटेबेठिया लैंपस में...

यह भी कहना है कि शिकायतों के आधार पर जांच टीम का गठन तो किया गया, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में असंतोष और बढ़ गया। किसानों ने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण सीजन में अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वे अपनी समस्याओं के समाधान तक संघर्ष जारी रखेंगे।

### रिश्तेदार ही निकली...

दो पेंडल और चांदी की पायलें शामिल थीं। कुल 14.83 तोला सोना और लगभग 70 ग्राम चांदी गायब थी, जिसकी कीमत करीब 9 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई। शक घर के ही किसी व्यक्ति पर था, इसलिए उस समय एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। घटना के कुछ महीनों बाद भाभी गायत्री महेश्वरी से बातचीत में पता चला कि चोरी के दौरान उनकी चचेरी बहन लीना भुथड़ा निवासी बिरेतरा सिकोसा, बालोद अपने बच्चों के साथ 27 अप्रैल को घर आई थी और दो दिन वहीं रुकी थी। इसी बीच, रिश्तेदार प्रतीक शारडा (निवासी बालोद), जिसका ससुराल अभनपुर में ज्वेलरी शॉप चलाता है, ने रेन्द्र को बताया कि लीना के पति मनोज भुथड़ा कुछ सोने के गहने बेचने के लिए उनके पास आए थे। जब उन्होंने गहनों की तस्वीरें भेजकर पहचान करने को कहा, तो रेन्द्र ने तुरंत पहचान लिया कि यही गहने उनके घर से चोरी हुए थे। संदेह की पुष्टि होने पर परिवार ने लीना भुथड़ा से पूछताछ की। पहले तो उसने इंकार किया, लेकिन बाद में चोरी स्वीकार कर एक अंगूठी और एक चैन वापस कर दी। बाकी गहने 15 दिनों में लौटाने का वादा किया, पर वह टालती रही। अंततः रेन्द्र कुमार ने चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी लीना भुथड़ा के खिलाफ धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब शेष चोरी गए गहनों की बरामदगी और पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है।

### 78 वीं वाहिनी...

करते हुए आगामी सीमांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस आयोजन ने क्षेत्रीय युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन समादेष्टा टी मोहन कार्यवाहक कमांडेंट जेआर कुजूर के मार्गदर्शन में हुआ। इनके नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल न केवल सीमा सुरक्षा के दायित्वों का निर्वहन कर रहा है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल तथा जनसंपर्क जैसे सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा, उप समादेष्टा गुरु चरण सिंह, उप समादेष्टा नागमणि सिंह, प्राचार्य अजय नेताम, अशोक जैन, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जल पुरस्कार...

का संरक्षण, वर्षाजल संचयन, खेत-तालाब निर्माण, नाली निर्माण, जलागम विकास और ग्रामीण श्रमदान जैसी गतिविधियों ने जल संकट को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार समारोह 18 नवंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहां डुमरपानी ग्राम पंचायत का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान किया जाएगा। इस सफलता पर जिला प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस उपलब्धि में जिला पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत नरहरपुर, मनरेगा शाखा और प्रदान संस्था का तकनीकी सहयोग महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रीय जल पुरस्कार देशभर में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जल समृद्ध भारत के लक्ष्य की ओर प्रेरणा देने का एक प्रभावी माध्यम है।

### एनएसयूआई ने जिला...

बंद है उसे तत्काल चालू कराया जाए। वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि संविदा के रूप में यहां पर डॉक्टरों की नियुक्ति की जाती है जो कि वह मुश्किल 1 वर्ष भी अपनी सेवाएं नहीं दे पाते और स्वयं का निजी नर्सिंग होम व क्लीनिक खोलकर मोटी फीस के साथ क्लीनिक में जमे हुए हैं इस पर भी रोक लगाया जाए। एनएसयूआई ने कहा कि तीन दिवस के अंदर यह सब सुविधा का निराकरण नहीं किए जाने पर हॉस्पिटल का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने में सरजू शोरी, राजेश भास्कर, लतीफ मेमन, विष्णु नेताम, सत्यार्थ करायत, जीशान अली आदि साथी उपस्थित रहे।

## शिव शक्ति युवा संगठन ने कराया शानदार आयोजन

# पेंड्रावन में देवउठनी पर अंतरराष्ट्रीय डीजे डांस प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रावन में देवउठनी एकादशी के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय डीजे डांस प्रतियोगिता का समापन बीते दिनों बड़े ही धूमधाम से किया गया। यह आयोजन लगातार दसवें वर्ष भी शिव शक्ति युवा संगठन और ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस बार कार्यक्रम में हजारों दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी।

कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और कार्यक्रम सुचारू रूप से चले। आयोजन समिति ने बताया इस बार दर्शकों की उपस्थिति का रिकॉर्ड टूटा है। शिव शक्ति युवा संगठन के उपाध्यक्ष विक्की नेताम ने बताया कि कार्यक्रम का समापन दूसरे दिन दोपहर 12 बजे हुआ। उन्होंने कहा इस वर्ष हमारे पेंड्रावन में दर्शकों की संख्या ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। कोंडागांव, बड़ेराजपुर, कांकेर, रायपुर, भिलाई, गरियाबंद, महासमुंद, बालोद, सरायपाली और अन्य जिलों से कलाकार व दर्शक पहुंचे थे। यह आयोजन अब सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पेंड्रावन की पहचान बन चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी डीजे डांस प्रतियोगिता ने गांव की युवा ऊर्जा, कला और एकता को एक मंच पर लाकर जीवंत कर दिया। इस सफल आयोजन में शिव शक्ति युवा संगठन के अध्यक्ष रामसुंदर नेताम, उपाध्यक्ष विक्की नेताम/द्रोज माला, सचिव महेंद्र नेतामध्मुकेश नेताम, सह सचिव सुनिल माला/राकेश मंडावी, कोषाध्यक्ष राकेश माला, तथा अंजोरी नेताम, मेंघनाथ पटेल, रजउ राम नेताम सहित अनेक सदस्यों, वालिंटियर्स, पुलिस टीम और ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन आशीष नाग और दिनेश गर्ग ने किया।



### देशभर के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियाँ

प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की श्रेणियों में कलाकारों ने हिस्सा लिया। सामूहिक नृत्य परिणाम प्रथम माता के महिमा डोमहाटोला राजनांदगांव, द्वितीय आर.एन. डांस ग्रुप बागबहार, तृतीय नृत्या डांस ग्रुप दुर्ग, चतुर्थ सरारा डांस ग्रुप भटगांव, युगल नृत्य परिणाम प्रथम धरोहर डांस ग्रुप, मारी मोहल्ला मानपुर, द्वितीय चुरकी–मुरकी महासमुंद, विशेष प्रदर्शन माइकल जैक्सन उड़ीसा, मिताली वामनी बालोद, दिनेश–रविता देवरी एकल नृत्य परिणाम प्रथम जानवी बलोदाबाजार, द्वितीय मानंदा सलाम कांकेर, तृतीय ए.बी. शिवा खैरागढ़, सभी विजेताओं को आकर्षक इनाम और ट्रॉफी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### रूपसिंह का स्वागत



**भानपुरी।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मांडवी का आज प्रथम नगर आगमन पर ग्राम करनदोला भानपुरी में स्वागत किया गया।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा ली गई। कलेक्टर ने लंबित विभिन्न राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने का निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग के साथ-साथ राज्य स्तर पर भी की जाती है इसके अलावा संभाग स्तर पर बस्तर कमिश्नर द्वारा भी इस संबंध में समय - समय पर निर्देश जारी करते रहे है अतः सभी अधिकारी लंबित राजस्व प्रकरणों को निराकृत कर शून्य स्तर पर लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पटेल और कोटवारों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पुलिस विभाग आवश्यक समन्वय कर भर्ती प्रक्रिया पूरा करें।

## निधन

### जमुना देवी सांखला



**जगदलपुर।** जैन समाज की सुश्राविका जमुना देवी सांखला धर्मसाहिका स्व .भंवरलाल सांखला का सोमवार को रात्रि 12:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया । वे सुरेश, नरेश और संजय की माता थी। अंतिम यात्रा मंगलवार को दोपहर में मेन रोड स्थित निवास से मुक्ति धाम के लिए निकली। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, व्यवसायी और शहरवासी शामिल थे।

### रेखचंद बाफना



**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित एवं ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज के सुश्रावक रेखचंद बाफना सुपुत्र स्व. हीरालाल बाफना 68 वर्ष का आज प्रातः 5 बजे निधन हो गया। वे प्रवीण बाफना के बड़े भाई एवं धीरज, नीरज तथा हर्ष बाफना के पिता थे। अंतिम यात्रा आज प्रातः निवास दादाबाड़ी से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग, व्यवसायी और शहरवासी शामिल थे।

# विधायक ने बड़े चकवा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज: भोण्ड/घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज ग्राम पंचायत बड़े चकवा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। विद्यालय की लाइब्रेरी, प्रयोगशाला एवं कक्षाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा विद्यालय के प्राचार्य को परिसर को साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

■ लायब्रेरी, प्रयोगशाला व विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था की सराहना

### बच्चों के उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं



### शिक्षा की गुणवत्ता का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान बघेल ने कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों से संवाद किया बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचि एवं भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकांश बच्चों ने भविष्य में शिक्षक बनने की इच्छा जताई, जिस पर विधायक बघेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, यदि बच्चे इस दिशा में प्रेरित हैं तो यह शिक्षा व्यवस्था की सफलता का प्रतीक है।

### विद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा

विधायक ने विद्यालय में संचालित विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब तथा खेल गतिविधियों की सराहना की और शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में निरंतर प्रयासरत रहें प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे को शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, और स्वामी आत्मानंद स्कूल इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। निरीक्षण के उपरांत विधायक ने ग्राम पंचायत बड़े चकवा में स्थित सेमरिया माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की गांव की सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र की संस्कृति और आस्था हमारी पहचान है, जिसे संजोए रखना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर ग्रामवासियों से भी मुलाकात कर गांव के विकास कार्यों, सड़क, शिक्षा एवं जल सुविधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## ब्लॉक स्तर खेलों का आगाज,अध्यक्ष ने मशाल जला कर किया शुभारंभ

# ओलंपिक खेलने 1168 खिलाड़ी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राज्य के अंतिम छोर कोंटा ब्लॉक मुख्यालय में जोन स्तर के खेलों के पश्चात आज दो दिवसीय 11-12 नवम्बर तक चलने वाले बस्तर ओलंपिक खेलों का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जी.साई रेड्डी तथा डिप्टी कलेक्टर कोंटा एसडीएम प्रभार सुभाष शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुमीत ध्रुव प्रभार जनपद सीईओ ने ओलंपिक मशाल जलाकर कर कोंटा के स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में शुभारंभ किया।

■ मार्चपास्ट कराते हुए अथितियों को सलामी

बस्तर ओलंपिक में जोन स्तर से ब्लॉक स्तर के लिए चयनित होकर पहुंचे तकरीबन 1168 विभिन्न ग्राम पंचायत के प्रतिभागियों एवमं शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं जनप्रतिनिधियों और भाजपा कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया ।



बस्तर ओलंपिक का ब्लॉक स्तरीय आगाज सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना राज्यगीत राष्ट्रगान तथा ओलंपिक मशाल जलाकर कर प्रारंभ की गई। मंच संचालक शिक्षक टी.श्रीनिवास राव ने में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत कराते हुए। डीएव्ही एकलव्य कस्तूरबा कन्या हायर सेकेंटरी स्कूल के छात्र छात्राओं की ओर से निकाली गई मार्चपास्ट कराते हुए सभी मुख्य अथितियों को सलामी दिलाई। तत्पश्चात कन्या आश्रम नागलगुंडा चिंतलनार से पहुँचे छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। जिन्हें जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू सरपंच ग्राम पंचायत नागलगुंडा ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी के साथ आला जनप्रतिनिधियों ने ओलंपिक खेलों की शुरुआत करते हुए सौ मीटर दौड़ शुरुआत करते हुए हरी झंडी दिखाई। इस दौरान विकास खंड के सभी अधिकारी सहित वनांचल क्षेत्र के प्रतिभागी आला जनप्रतिनिधि कार्यकार्ता मौजूद थे।

### खेल मैदान में उतर जाना ही जीत है, कोशिश सर्वश्रेष्ठ की होनी चाहिए : एसडीएम

अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने कहा हार या जीत का विषय संघर्ष का होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा जो भी खेल मैदान में उतर जाता है वह जीत जाता है । सभी से आग्रह करते हुए कहा दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी सहयोग प्रदान करेंगे एवं सर्वश्रेष्ठ होने की कौशिश करेंगे । पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सदस्य माड़वी देवा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही । जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता कवासी ने संबोधित करते हुए कहा वनांचल क्षेत्र से आए सभी प्रतिभागियों का जीवन बहुत बहुमूल्य है इस बहुमूल्य जीवन में समय को व्यर्थ ना करते खेल के माध्यम से जिला का नाम रोशन राज्य स्तर तक करना है आप सभी के साथ प्रतिभागियों को मेरी शुभकामनाएं। जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू ने संबोधित करते हुए कहा दो दिवसीय खेलों में जोन स्तर से ब्लॉक स्तर पर पहुंचे हर प्रतिभागी का लक्ष्य खिलाड़ी बनने का होना चाहिए । खेल जो खेलेगा वो हर क्षेत्र में सफलता हासिल करेगा नौकरी के लिए भी शारीरिक परीक्षण की आवश्यकता पड़ती हैं । पहला पड़ाव यहीं से शुरू होने की बात कहते कहा आदिवासी बच्चों के प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए ही बस्तर ओलंपिक जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर का युवा प्रदेश से लेकर देश विदेश में भी खेलेगा। सुदूर क्षेत्र जगरगुंडा जैसे इलाके से भी खेलों में हिस्सा लेकर प्रतिभागी शामिल हुए हैं सभी को संघर्ष करना है और इसे जारी रखने की बात कही।

# विद्यार्थियों ने इसरो का किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के 30 एवं बीजापुर जिले के 20 विद्यार्थियों सहित 5 शिक्षकों के दल को विगत 5 से 10 नवंबर तक भारत के प्रमुख अंतरिक्ष प्रक्षेपण केन्द्र इसरो श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश एवं विशाखापट्टनम के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति समझ और जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने रॉकेट प्रक्षेपण परिसर, मिशन कंट्रोल सेंटर एवं सैटेलाइट इमीग्रेशन सेंटर का अवलोकन किया। इस अवसर पर इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ल ने विद्यार्थियों को भारत के अंतरिक्ष अभियानों कृ चंद्रयान, मंगलयान और गगनयान मिशन की विस्तृत जानकारी दी।

■ वरिष्ठ वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला से विद्यार्थियों ने की भेंट

इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे तथा अंतरिक्ष विज्ञान की जटिलताओं को नजदीक से समझा। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस संबंध में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रकट करने हुए कहा कि इसरो की उपलब्धियां से उन्हें नई प्रेरणा मिली है और वे सभी भविष्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अवश्य जाना चाहेगें।

# युवाओं का श्रमदान, कड़कती ठंड में सड़क की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

कड़कती ठंड के बावजूद घाटलोहंगा ग्राम के युवाओं ने समाज सेवा की मिसाल पेश की है। ग्राम पंचायत घाटलोहंगा के युवकों एवं सरपंच पति के नेतृत्व में घाटलोहंगा से कूड़का नार पहुंच मार्ग पर श्रमदान कर सड़क के दोनों किनारों की झाड़ियां, घास-फूस की सफाई एवं गड्ढों को समतल किया गया।

इस कार्य में गांव के कई युवा सुबह से ही जुट गए और ठंड के मौसम में भी उत्साहपूर्वक सड़क की मरम्मत एवं सफाई कार्य में भाग लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग लंबे समय से झाड़ियों से भरा हुआ था, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही थी। श्रमदान के इस कार्य से अब सड़क सुगम हो गई है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी तरह सभी ग्रामवासी मिलकर काम करें तो गांव की अधिकांश समस्याएं स्वयं ही सुलझ सकती हैं। देवेंद्र ठाकुर, निमेंद तिवारी, चंदन ठाकुर, कमल भद्रे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# एसआईआर प्रक्रिया को समय पर पूरा करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम गहन मतदाता पुनरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गहन मतदाता पुनरीक्षण के तहत सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को एइआरओ नियुक्त कर दिया गया हैं।

■ गहन मतदाता पुनरीक्षण, बस्तर ओलंपिक और जनजाति गौरव दिवस के संबंध में निर्देश



अतः इसका अर्थ यह है कि गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के अन्तर्गत सभी राजस्व अमले, बीएलओ, के साथ-साथ सभी सीएमओ भी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य संपादन करेगें। उन्होंने कहा कि एसआईआर निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली प्रक्रिया है जिसे समयबद्ध पूर्ण किया जाना है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बरते जाने पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय करके प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नगरीय निकाय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को इन्युमरेशन फॉर्म वितरित किए गए है अतः सभी सीएमओ बीएलओ से समन्वय करके डोर-टू-डोर फॉर्म वितरित किया जाना सुनिश्चित करेगें। और इस संबंध में रोजाना रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध करायेगें। कलेक्टर ने आगे कहा कि यह कार्य 13 नवंबर से पूर्व षत प्रतिषत किया जाना है। इसके अलावा बीएलओ द्वारा घरों से अनुपस्थित मतदाताओं के घरों का तीन बार भ्रमण किया जायेगा। तत्पश्चात पंचनामा की कार्यवाही की जावेगी। बीएलओ पर मृत, स्थाई रूप पलायित तथा एक से अधिक स्थान पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करने की जिम्मेदारी भी रहेगी।

इसके साथ ही कलेक्टर ने जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना है। इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत मुख्यालय में लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता आश्रम छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रभात फेरी जन जागरूकता यात्रा, वृक्षारोपण, जनजातीय नायक नायिकाओं के विषय में संगोष्ठी वाद विवाद, निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण जैसी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प, विकास प्रदर्शनी, जनजातीय वर्ग स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों का सम्मान, जनजातीय ग्रामों में लाभार्थी कैंपों का आयोजन इत्यादि किए जायेगें। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी विभागों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए दायित्व सौंपा है।

# नक्सल प्रभावित परिवारों को योजनाओं से जोड़कर आर्थिक स्थिति सुधारें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक का अध्यक्षता करते हुए जिले में संचालित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले पुनर्वास केंद्र की समीक्षा की, जहां आत्मसमर्पित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन युवाओं को सभी शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए शिविर आयोजित कर योजनाओं की जानकारी, सब्सिडी लाभ एवं आवश्यक दस्तावेज़ जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता आदि तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।मिश्रा ने नक्सल प्रभावित परिवारों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

नियद नेल्लानार योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने सैचुरेशन शिविर आयोजित करने, सर्वे कार्य और डैशबोर्ड में शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्वीकृत अधोसंरचना कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र में गंभीर कुपोषित बच्चों के दाखिले, बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों की पहचान, गिरदावरी सत्यापन, वनाधिकार प्राप्त खातों के फौती नामांतरण, आयुष्मान भारत शिविर, एग्रीस्टेक पंजीयन एवं उज्जवला योजना के लाभ वितरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आगामी 15 नवंबर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अवैध धान की आवक पर रोक लगाने, चेकपोस्ट ड्यूटी, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति तथा खरीदी केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बीएलओ और सुपरवाइजर कर रहे घर-घर संपर्क



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेशभर में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला दंतेवाड़ा में भी बीएलओ बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाइजर मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर मतदाता सूची का सत्यापन एवं अद्यतन कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यों के चलते बीएलओ और सुपरवाइजरों को खेतों में जाकर भी मतदाताओं से संपर्क करना पड़ रहा है। इसके बावजूद सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ जुटे हुए हैं। इसी क्रम में तहसील बड़े बचेली में सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ ई.एफ. फार्म वितरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# ओलंपिक प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल की छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक (सीनियर) में कुमारी रागिनी वट्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार बैडमिंटन डबल(जूनियर) में कुमारी ओमिता मरकाम एवं कुमारी संजू मरकाम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बैडमिंटन डबल (सीनियर) में कु दीप्ति मरकाम एवं कु साधना आरकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल (सीनियर) प्रतियोगिता में कुमारी दीप्ति मरकाम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया।प्राचार्य ए आर नोन्हारे एवं समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा ब्लॉक में प्रथम स्थान आने वाली इन छात्राओ को संस्था में आज सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने उदबोधन में कहा कि आने वाले भविष्य में जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता संपन्न होना है उसमें भी छात्राएं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संस्थाओं का नाम रोशन करेगी।

### जिला स्तरीय जैविक किसानों की हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस कृषि विभाग कार्यालय में जिले के प्रमुख जैविक किसानों की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें खरीफ सीजन की फसल स्थिति की समीक्षा तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा के अलावा बैठक में क्लस्टर स्तर पर आयोजित पूर्व बैठकों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित किसानों ने यह संकल्प लिया कि दंतेवाड़ा को जैविक जिला के रूप में बनाए रखना सभी किसानों की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन मिल सके।

# जमीन का मालिकाना हक दिलाने सरकार संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आदिवासी विकास विभाग बीजापुर द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वर्ष 2006 से 2025 के बीच कुल 15,265 वन अधिकार प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इनमें 12,434 व्यक्तिगत एवं 2,831 सामुदायिक वन अधिकार प्रमाण पत्र शामिल हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार वन अधिकार प्रमाण पत्रों का वितरण कार्य वर्ष 2008 से प्रारंभ हुआ था। इस अवधि में वर्ष 2011 में सर्वाधिक 2,477 व्यक्तिगत प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि वर्ष 2020 में कुल 3,067 प्रमाण पत्र जिसमें 1,566 व्यक्तिगत और 1,501 सामुदायिक प्रदान किए गए जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 230 तथा वर्ष 2025 में अब तक 390 व्यक्तिगत वन अधिकार प्रमाण पत्र पात्र हितग्राहियों को वितरित किए जा चुके हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग बीजापुर ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत पात्र जनजातीय परिवारों को उनके परंपरागत वनाधिकारों की मान्यता और संरक्षण देने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। उन्होंने कहा वनवासियों को उनकी जमीन पर अधिकार दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

शेष पात्र आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। वन अधिकार अधिनियम 2006 का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों और परंपरागत वनवासियों को उनके परंपरागत रूप से उपयोग किए जा रहे वन भूमि पर कानूनी स्वामित्व का अधिकार प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन-यापन और आजीविका को सुरक्षित रख सकें।



## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र संचालन के लिए 14 तक मौका

**कांकेर।** जिले में नशा पीड़ितों के लिए 15 बिस्तरों का एकीकृत नशामुक्ति केन्द्र का केन्द्रीय संचालन किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा है कि केन्द्रीय अनुदान प्राप्त उक्त नशामुक्ति केन्द्र का संचालन किए जाने के लिए विभागीय मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था व धर्मार्थ निजी चिकित्सालय अथवा शासकीय चिकित्सालय या अन्य अभिकरण, कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण कांकेर से दिशा निर्देश प्राप्त कर आगामी 14 नवम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 17 को

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आगामी 17 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सर्व संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### धार्मिक स्थलों की कराई जाएगी यात्रा

**कांकेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आगामी 27 नवम्बर से 5 दिसम्बर के बीच विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिलावासियों से पात्रतानुसार आगामी 14 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आज

**कांकेर।** जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा 12 नवंबर बुधवार को दोपहर 12 बजें राजीव भवन कांकरे में जिला स्तरीय बैठक रखा गया है। बैठक में एसआईआर निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी, विधायक सावित्री मनोज मंडावी, एसआईआर मॉनिटरिंग समिति के कांकेर लोकसभा संयोजक बिरेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्कल साक्षात्कार के लिए निःशुल्क कक्षा

**दुर्गूकोंदल।** सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा पास कर चुके प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के लिए सफलता का अंतिम पड़ाव यानी साक्षात्कार चयन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्कल द्वारा आयोजित निःशुल्क मॉक इंटरव्यू सत्र इसकी सशक्त बानगी पेश कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्कल की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी और तब से लेकर आज तक यह संस्था छत्तीसगढ़ के युवाओं का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मार्गदर्शन करने का एक विश्वसनीय स्तंभ बनी हुई है। संस्था ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सदानंद कुमार के मार्गदर्शन व सेवाभावी प्रशासनिक अधिकारियों व प्रबुद्ध जनों के सहयोग से वर्ष 2018 से रायपुर में लगातार सीजीपीएससी के निःशुल्क ऑनलाईन व ऑफलाइन मार्गदर्शन कक्षाएं, मॉक इंटरव्यू आयोजित करने की जो परंपरा शुरू किया गया।

## बैठक : समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने जारी हुआ फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय सीमा की साप्ताहिक बैठक कलेक्टर ने लिया। बैठक में बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत स्वीकृत किन्तु अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी, एसआईआर की प्रगति, बस्तर ओलंपिक, रन फॉर यूनिटी तथा नक्सल पुनर्वास के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 11 नवंबर की सुबह साढ़े 10 बजें से आहूत समय सीमा बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए तथा सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मतदाता सूची तैयार करने के पूर्व मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन कार्य की जानकारी लिया। कार्य में तेजी लाने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा आगामी 12 से 14 नवम्बर तक आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु खेल अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का कड़ाई से निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिले के सभी ब्लॉक से आने वाले खिलाड़ियों के लिए गरिमापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए खेल अधिकारी को निर्देशित किया। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने अनुभाग में गतिविधियों पर निगाह रखने के निर्देश दिए ताकि समय पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

इस दौरान कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों में विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों के अप्रारंभ एवं अपूर्ण होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य यथाशीघ्र शुरू कराने अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### माओवादियों के पुनर्वास से संबंधित ली जानकारी, दिए निर्देश

बैठक में उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौटे माओवादियों के पुनर्वास के संबंध में प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार पुनर्वास कैंपों में प्रशिक्षण कार्यक्रम के अलावा राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न दस्तावेज तैयार करने के लिए संबंधित विभागों को कैंप अनिवार्य रूप से लगाने के लिए निर्देशित किया। कहा कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। इसके अलावा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की प्रगति के संबंध में कलेक्टर ने समीक्षा की।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# कक्षा प्रबंधन में दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की बताई भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी स्कूल में सीबीएसई

■ शिक्षक प्रशिक्षण में शिखा ने दी जानकारी

रिर्सोस पर्सन शिखा चौधरी द्वारा स्कूल के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कक्षा प्रबंधन में दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका बताते हुए कहा कि कक्षा प्रबंधन किसी भी शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण कौशल है। एक प्रशिक्षित शिक्षक न केवल अनुशासन बनाए रखता है बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने का अनुकूल वातावरण भी तैयार करता है।

शिक्षक प्रशिक्षण में शिखा ने कहा की एक सफल शिक्षक वह है जो दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों को मिलाकर अपनी कक्षा को संचालित करता है। उन्होंने दूरदर्शिता का अर्थ बताते हुए कहा की बुद्धिमानी और स्थिति को पहले से पहचानने की क्षमता। शिक्षक में यह गुण होना चाहिए कि वह विद्यार्थियों की मानसिकता, उनकी रूचियों और समस्याओं को समझ सके और समय से पहले सही निर्णय ले सकें। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ तथ्यों, प्रमाणों और तर्क के आधार पर निर्णय लेना। शिक्षक अपनी कक्षा में प्रयोगात्मक, अवलोकनात्मक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। साथ ही बच्चों को दिये जाने वाले गृह कार्य, प्रोजेक्ट एवं मॉडल को अच्छा एवं उपयोगी कैसे बना सके, उन्होंने इसका सुझाव दिया, यह कार्यक्रम पैराडाइज स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

कक्षा प्रबंधन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका पर मोटिवेशनल प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों की उपस्थित रही।

# आमाकड़ा संकुल में निःशुल्क कोचिंग का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए संकुल केंद्र आमाकड़ा में संकुल स्तरीय निःशुल्क कोचिंग का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष कोचिंग नवोदय विद्यालय, और प्रयास परीक्षा की तैयारी के लिए समर्पित है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण-शहरी शिक्षा अंतर को पाटना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पिलम नरेटी ने बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत की और कहा कि प्रतिस्पर्धा, जागरुकता और ईमानदारी ही सफलता की अनिवार्य कुंजी हैं। उन्होंने छात्रों को इन तीन मूल मंत्रों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नंदकिशोर नेताम ने बच्चों को नशा मुक्त जीवन, अनुशासन और नियमित अध्ययन का महत्व समझाया। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में घटती बालक संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षा के प्रति अधिक जागरूकता लाने का आग्रह किया। सरपंच बलराम टेपरिया ने अभिभावकों से बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और छात्रों को अपने करियर पर पूरी तरह से फोकस करने की प्रेरणा दी। संकुल प्राचार्य राजेंद्र कुमार अवाड़े ने छात्रों को अमर लक्ष्य और पढ़ाई तुम्हारा दुआरा जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी शिक्षा के अंतर को कम करने, लक्ष्य निर्धारण की महत्ता और इस निःशुल्क कोचिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रारंभिक चरण में कुल 8 प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष कोचिंग में स्थान दिया गया है, जिन्हें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच चंद्रिका नेताम, नरेश कोमरा, देवाराम कोठारे आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय क्विज स्पर्धा में हाईस्कूल के छात्रों ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाई स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि संकुल एवं विकासखंड का भी गौरव बढ़ा है।

प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडे का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्र नीतीश कुमार साहू तथा छात्रा महेश्वरी पुडो ने अपनी तीव्र समझ, अध्ययन क्षमता और विषय ज्ञान के दम पर अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान अर्जित किया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों विद्यार्थियों ने त्वरित उत्तर, आत्मविश्वास, नियम पालन और आपसी समन्वय का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे निर्णायक मंडल एवं उपस्थित दर्शकों ने सराहा। विद्यालय के शिक्षकों और संकुल स्तर पर प्राप्त निरंतर मार्गदर्शन तथा परिवारजन के सहयोग ने विद्यार्थियों को यह उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत से विद्यालय परिवार, संकुल कोंडे तथा पूरे विकासखंड में प्रसन्नता का वातावरण है। विद्यालय स्टाफ एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दुर्गूकोंदल क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल सही अवसर और मार्गदर्शन से ये किसी भी स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं और साथ ही भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं कि वे इसी तरह क्षेत्र, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहें।

# अभा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने किया शैक्षणिक दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल

■ देश के सर्वोच्च पद हासिल करने के लिए निष्ठा और दृढ़ता से तैयारी जरूरी

में दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी लबसना से फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत आए आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईआरएमएस सहित विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने फील्ड स्टडी एवं सामुदायिक अनुसंधान उद्देश्य से शैक्षणिक दौरा किया।

अखिल भारतीय सेवाओं के प्रशिक्षु के विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य अजय नेताम एवं एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दौरे के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। इसके बाद विद्यार्थियों ने उत्सुकता से प्रश्न किए, जिसमें आईएएस बनने के लिए कैसे पढ़ाई करें, आईपीएस के लिए कौन सी तैयारी आवश्यक है, वकील बनने के लिए क्या मार्ग है। इस पर प्रशिक्षु अधिकारियों ने कहा कि नियमित अध्ययन, अखबार पढ़ना, सामान्य ज्ञान, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर छोटे-छोटे प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थी भी यदि निष्ठा और दृढ़ता से तैयारी करें, तो वे देश के सर्वोच्च पदों पर पहुंच सकते हैं। निरीक्षण एवं संवाद के दल में प्रमुख प्रशिक्षु अधिकारी आईआरएमएस पीयूष कुमार, आईआरएस अमीर नौशाद, आईआरएस सुमित चक्रवर्ती, आईएएस दिनेश हापुराम बिश्नोई शामिल थे। प्रीति आईएएस सहायक कलेक्टर, प्रशिक्षण अवधि इनके साथ प्रशासनिक विभाग से भानुप्रतापपुर एबीओ मुकेश सोनवानी, दुर्गुकोंदल एबीओ अंजनी मंडावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर तथा बीपीएम नंदिनी दीवान भी उपस्थित रहीं।

## फ्रूट फ्लाई नियंत्रण के लिए छात्रों ने बनाया ऑर्गेनिक फ्रूट फ्लाई ट्रैप

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम व्यासकोंगेरा में कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा अमरूद के पेड़ों में फ्रूट फ्लाई की रोकथाम के लिए एक ऑर्गेनिक फ्रूट फ्लाई ट्रैप तैयार किया गया। यह ट्रैप पूरी तरह प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल है, जिसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया गया है। रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को कम करने के लिए फेरोमोन या प्राकृतिक सुगंधों का उपयोग करके फल मक्खियों को आकर्षित और कैद करने का एक तरीका है, जिसे 200 ग्राम गुड़, 20-30 मिली. सिरका और 500 मिली. पानी के साथ बनाया जा सकता है। पहले पानी को हल्का गर्म किया गया, फिर उसमें गुड़ मिलाकर तब तक गर्म किया गया, जब तक गुड़ पूरी तरह घुल न जाए। इसके बाद इसमें सिरका मिलाया गया और घोल को ठंडा होने के लिए रख दिया गया। इस घोल को प्लास्टिक की बोतल या जार में भरकर पेड़ों पर टांगा गया, जिससे इसकी मीठी गंध से आकर्षित होकर फ्रूट फ्लाई उसमें फंस जाती हैं। छात्रों ने किसानों को बताया यह तरीका कम लागत में प्रभावी और सुरक्षित विकल्प है, जो रासायनिक कीटनाशकों के बिना अमरूद की रक्षा करता है। इस अवसर पर अनिल कुमार नेताम एवं कल्याणी नागराज उपस्थित रहे। यह डिमॉन्स्ट्रेशन कृषि कॉलेज के छात्र ऋषि श्रीवास, सागर पवार, रविशंकर सोनवानी ने किसानों को दिया। स्थानीय किसानों ने छात्रों के इस नवाचार की सराहना की और इसे अपने खेतों में अपनाने की इच्छा जताई।



# परलकोट परिवहन संघ की बैठक धान परिवहन के लिए बनी रूपरेखा

**पखांजूर।** आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन केंद्रों से धान के सुचारु और व्यवस्थित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए परलकोट परिवहन संघ पखांजूर द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में धान परिवहन की तैयारी और उससे संबंधित धुलाई लोडिंग/अनलोडिंग की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। धान उपार्जन केंद्रों से धान के परिवहन के लिए संघ ने अपने सभी वाहन मालिकों की एक अहम बैठक बुलाई। बैठक में यह घोषणा की गई कि वर्ष 2025-26 के लिए धान परिवहन का ठेका चोपड़ा ब्रदर्स, राठी ब्रदर्स और कौशिक ब्रदर्स नामक तीनों फर्मों ने संयुक्त रूप से लिया है। धान के सुरक्षित और समय पर परिवहन में परलकोट परिवहन संघ की मुख्य भूमिका रहेगी। धान परिवहन के महत्वपूर्ण कार्य को त्रुटि रहित ढंग से संपन्न करने के लिए, धुलाई लोडिंग/अनलोडिंग के कार्य की शुरुआत से ठीक पहले, परिवहन संघ के अध्यक्ष ने सभी वाहन मालिकों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपनी-अपनी गाड़ियों को पूरी तरह से सुदृढ़ मजबूत और मरम्मत करने की बात कही है, ताकि परिवहन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और किसानों का धान सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। यह बैठक आगामी सीजन के लिए संघ की पुख्ता तैयारियों को दर्शाती है, जिससे धान परिवहन का कार्य व्यवस्थित तरीके से और समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। बैठक में परलकोट परिवहन संघ पखांजूर के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे, जो इस कार्य की पारदर्शिता और समन्वय को दर्शाता है। इस दौरान अध्यक्ष दीपांकर सरदार, दीपक साहा, स्वतंत्र नामदेव, संजीव दास, नृपेन सरकार, सूक शील, निमाई राजवंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# देहदान की मिसाल : सरोज देवी शर्मा ने मृत्यु के बाद भी निभाया मानव सेवा का संकल्प

**कांकेर।** जीवनभर दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर रहने वाली बरदेभाठा निवासी 82 वर्षीय सरोज देवी शर्मा ने मृत्यु के बाद भी मानव सेवा की राह चुनी। उनकी इच्छा के अनुरूप परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को कांकेर मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए दान करने का निर्णय लिया। बुधवार 12 नवंबर की सुबह परिजन विधिवत रूप से पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज को सौंपेंगे। कांकेर में साल 2020 में स्थापित मेडिकल कॉलेज के लिए यह तीसरा देहदान है। सरोज देवी शर्मा के साथ अब तक तीन लोग अपना पार्थिव शरीर मेडिकल अध्ययन और अनुसंधान के लिए दान कर चुके हैं। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार मृत देह छात्रों के लिए साइलेंस टीचर की तरह होती है, जिससे वे शरीर संरचना का गहन अध्ययन करके बेहतर चिकित्सक बनते हैं और नई पीढ़ी को जीवन देने की कला सीखते हैं। परिजनों ने बताया कि सरोज देवी हमेशा सामाजिक और मानवीय कार्यों में आगे रहती थीं। उनके पुत्र राजेश शर्मा ने कहा कि माता का स्वभाव ही ऐसा था कि वे हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर रहती थीं। उनकी इच्छा थी कि मृत्यु के बाद भी वे समाज के काम आ सकें। इसी भावना को देखते हुए परिवार ने आपसी सहमति से देहदान का निर्णय लिया। परिजनों ने कुछ दिन पहले ही देहदान संबंधी फार्म भरकर प्रक्रिया पूरी की थी। मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के एचओडी डॉ. मृणाल विश्वास ने कहा कि बेहतर चिकित्सा शिक्षा के लिए देहदान अत्यंत आवश्यक है। मृत देह के विकल्प में कोई दूसरी चीज छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान नहीं दे सकती। सरोज देवी के देवर, बिलासपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार नथमल शर्मा ने भी परिवार के इस निर्णय को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक 05 दिसंबर 2025, 15 जनवरी 2026, 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)